तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 1 मई 2026

12 नरवाना को सुंदर-सुरक्षित और विकसित बनाया जाएगा



12 भाजपा महिला विंग ने विपक्ष का पुतला फूंका



## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक समेत आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में स्थित पुलिस चौकी टीम ने चोरी की बाइक समेत आरोपित गांव पडाना निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश करके आगामी कार्रवाई की जा रही है।
 सीआरएसयू चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश देवी ने बताया कि हांसी जिले के गांव सिसाय निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि वह गांव अशरफगढ़ में गया था। वहां उसने अपनी बाइक धर्मपाल के मकान के सामने खड़ी की थी।

### पैदल जा रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर

**जींद।** गांव नगूरां के पास कैथल मार्ग पर पैदल जा रही महिला को बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गई। महिला को इलाज के लिए पीजीआई रोहतक ले जाया गया। अलेवा पुलिस ने बाइक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। गांव नगूरां निवासी महिला गीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 26 अप्रैल सुबह अपनी बेटी के साथ खेतों में काम करने के लिए जा रही थी। इसी दौरान पीछे से बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गई और उसके सिर में चोट लगी।

### जानलेवा हमला करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना नरवाना पुलिस ने मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।
आरोपितों की पहचान मोर पत्ती निवासी शेखर, मोहित और सुमित के तौर पर हुई है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक पूर्णदास ने बताया कि मार्च में पुलिस को शिकायत मिली थी कि बड़सी पत्ती नरवाना में दो पक्षों में झगड़ा हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पर सात मार्च को बड़सी पत्ती निवासी घायल राजीव ने बताया कि फाग पर्व के दौरान कुछ युवकों ने मोहल्ले में हुड़दंगबाजी करते ईंट, पत्थर फेंके जा रहे थे।

### मारपीट में युवती घायल, मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल के सिरटा रोड पर हुई मारपीट में एक युवती घायल हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सिरटा रोड कैथल की मोना देवी ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 अप्रैल को शाम को करीब 5:00 बजे सीमा, बबली, राजेश और संजय ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सुनील ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगाने के आरोप में दो नामजद

**कैथल।** सीवन थाना पुलिस ने एक किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में दो सगे भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
सीवन थाना पुलिस के तहत आने वाले गांव के व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि कवारतन का विक्की और उसका भाई लाडी उसकी 17 साल की पोती को शादी का झांसा देकर अपने साथ पहले फुसलाकर भगा ले गए। काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रेनू बाला ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाहिता अपने दो बच्चों सहित लापता, केस दर्ज

**कैथल।** कस्बा सीवन से विवाहिता दो बच्चों के साथ बिना बताए घर से लापता हो गई। कस्बा सीवन की महिला के पति ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 2015 में देवरिया उत्तर प्रदेश की एक महिला से हुई थी। उसके पास 7 साल तथा 5 साल के दो बेटे हैं। आरोप है कि उसकी पत्नी दोनों बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। पता किया कि बच्चे भी स्कूल में नहीं मिले। जांच में पाया कि घर से 4000 रुपये, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज भी अपने साथ ले गई है।

---

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा तथा सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी की बैठक

# चौराहों पर सांकेतिक -सिग्नल की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश

### खरकरामजी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट किए जाएं बंद

**बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर होगी सख्ती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सड़क सुरक्षा समिति की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन लघु सचिवालय के सभागार में हुआ। बैठक की अध्यक्षता जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने की। बैठक में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोड सेफ्टी से संबंधित जिस भी विभाग का कार्य पूरा हो जाए उसकी एटीआर भिजवाना सुनिश्चित करे ताकि वस्तविक स्थिति का पता लग सके। इस अवसर पर आरटीए गिरीश कुमारए डीडीपीओ संदीप भारद्वाज व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के अलावा जिला के सभी एसडीएम वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े हुए थे। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बैठक में संबंधित अधिकारियों के साथ जिला में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा की तथा दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों जैसे वाहन चालकों द्वारा तेज गति में चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग न करना बारे विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वाहन चलाते समय सीट बैल्ट नही लगाने व दो पहिया वाहनों पर बिना हेलमेट के कारण मौत का आंकड़ा बढता है। इसलिए यातायात नियमों का सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जाए। ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उनके सुधार हेतु त्वरित कार्यवाही की जाए। स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रमुख चौराहों पर सांकेतिक एवं सिग्नल की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इस दौरान जिला में जितनी भी दुर्घटनाएं हुई हैं, उन सभी पर बिंदूवार चर्चा की और दुर्घटनाओं के कारणों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। कहा कि 152डी पर दिल्ली कटरा के क्रोसिंग रोड के साथ लगते ढाबों की वैध या अवैध रूप से चलाने की जांच की जाए। अक्षर वाहन चालक यहां रूक कर अव्यवस्थित ढंग से वाहन खडा कर देते हैं। जिससे दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को कहा कि सड़क के साथ लगते वृक्षों की टहनियों की कटाई की जाए ताकि उनके कारण कोई दुर्घटना नहीं हो।



जींद। मीटिंग की अध्यक्षता करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

#### सफीदों रोड पर 152डी के साथ लगते वाहन सर्विस स्टेशन की जांच करने के निर्देश

उन्होंने खरकरामजी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट, नरवाना-टोहाना मार्ग पर बस्ती के निकट टूटी सड़क, कंडेला व शाहपुर तथा नगूरां गांव के पास टूटी सड़क, उचाना में नैशनल हाईवे पर लगी ग्रिल तथा टूटे रोड, रोहतक रोड पर गणेश धर्मकांटा के पास रोड़ को दुरूस्त करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफीदों रोड पर 152डी के साथ लगते वाहन वासिंग प्वाइंट की ऊंचाई ज्यादा होने पर भी इसकी जांच करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार पौली गांव के पास अवैध कट को दुरूस्त करने, बुढाखेड़ा लाठर गांव के पास सड़क पर लाइट व्यवस्था करने, जींद में महर्षि वशिष्ठ अस्पताल के पास रोड पर मार्किंग करने, फव्वारा चौक से संत कबीर चैक तक रोड पेंचवर्क करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यो को पूरा करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

---



# व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

- चार के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड रेलवे फाटक के पास संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक व्यक्ति ने रेलगाड़ी के आगे कूद आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुत्रवधु सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शहर के डिफेंस कॉलोनी निवासी अनिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे मनजीत की शादी 16 अप्रैल 2022 को रोहतक रोड चौड़ी गली निवासी दिव्या के साथ हुई थी। उसका बेटा और दिव्या कनाडा में रहते हैं। साल 2023 में दिव्या ने मपजीत पर दबाव डाल कर अपने भाई यश को कनाडा बुला लिया। दिसंबर 2024 में दिव्या की मां सरोज भी कनाडा चली गई और उनके बेटे और बहू के साथ रहने लगी। दिसंबर 2024 में मनजीत ने कनाडा में एक मकान खरीदा था, जो यह मकान दोनों के नाम था। मनजीत की सास सरोज बार-बार मकान की पूरी मलकियत दिव्या के नाम कराने का दवाब बनाने लगी। इसी वजह से वह और उसका पति जोगेंद्र काफी परेशान रहने लगे थे। जिसके चलते उसके पति जोगेंद्र ने रेलगाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। रेलवे थाना के जांच अधिकारी कपिल ने बताया कि मृतक का बेटा कनाडा रहता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवा दिया गया है। पुलिस ने मृतक की पुत्रवधू दिव्या, उसके पिता पवन, मां सरोज और भाई यश के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# लखनऊ आरडीएसओ के महानिदेशक ने हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे जंक्शन स्थित हाइड्रोजन प्लांट का वीरवार को लखनऊ से आरडीएसओ के महानिदेशक प्रभास दनसना ने निरीक्षण किया। उन्होंने करीब दो घंटे तक प्लांट की तकनीकी व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का बारीकी से जायजा लिया। महानिदेशक अपनी टीम के साथ सुबह 12 बजे जंक्शन पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण की शुरुआत प्लांट की मुख्य इकाइयों से की, जहां हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण और आपूर्ति प्रणाली को विस्तार से परखा गया। टीम ने यह सुनिश्चित किया कि सभी उपकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं और कहीं भी कोई तकनीकी खामी न रहे। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। निरीक्षण के दौरान उनके साथ विशेषज्ञों की टीम भी मौजूद रही, जिसने प्लांट के विभिन्न पहलुओं की गहन जांच की।



---

# समय रहते कर्मियों की समस्याओं का हल किया जाए

- बिजली कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर रोष मीटिंग कर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

 बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य में गेट पर रोष मीटिंग कर प्रदर्शन किया। इस गेट मीटिंग की अध्यक्षता कुलदीप बनवाला वरिष्ठ उपप्रधान ने की और मंच का संचालन सुखदेव शर्मा ने किया। इसमें मुख्य मांगे राजौंद के कर्मचारियों की नाजायज चार्जसीट का समाधान न करने पर, क्योंकि मनोज कुमार लाइनमैन मुकेश कुमार लाइनमैन प्रवीण लाइनमैन जगदीश व सतीश जेई सभी ने चार सीटों का रिप्लाई दो साल से दिया हुआ है। एसी कैथल व एसईएचआर पंचकूला द्वाराचार्ज सीट का समाधान नहीं किया जा रहा है ना डिसीजन दिया जा रहा है। जिस कारण से कर्मचारियों की प्रमोशन में एसीपी में आदि लाभों से वंचित है और इन कर्मचारियों के साथ अधिकारियों की चार सीटों का समाधान होकर भी प्रमोशन दे चुके हैं लेकिन कर्मचारी की समाधान नहीं किया जा रहा। उप मंडल अधिकारी राजौंद ऑफिस में समय से आते नहीं है लेट आते है और लेट जाते है समय पर नहीं आने कारण सब डिवीजन के उपभोक्ता परेशान रहते हैं और स्टाफ की लेट मीटिंग के कारण और पब्लिक की ग्रीवेंस कर्मचारी मानसिक तौर से परेशान रहते हैं। सब डिवीजन राजौंद में कर्मचारियों की भारी कमी है फिर भी राजौंद के कर्मचारी कैथल डिविजन में लगाए हैं, कार्य कैथल डिवीजन में करते हैं और वेतन राजौंद कार्यालय के द्वारा दिया जाता है। सब डिवीजन अधिकारी राजौंद का कार्यालय जर्जर अवस्था में है इसकी और एसडीओ राजौंद का कोई ध्यान नहीं है किसी भी टाइम कर्मचारी व पब्लिक दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं।



राजौंद। अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

---

# कनाडा भेजने के नाम पर 13 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

 सिविल लाइन कैथल पुलिस ने एक युवक को कनाडा भेजने के नाम पर 13 लाख रुपये की ठगी करने का मला दर्ज किया है। गांव जसवंती के राम बिलास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया अक्तूबर 2024 में उसकी मुलाकात सेक्टर-20 कैथल के कपिल शर्मा से हुई थी। आरोपी ने खुद को वीजा कंसल्टेंट बताकर भरोसा दिलाया कि वह उसके बेटे अभिनूर को स्टडी वीजा पर कनाडा भेज देगा। इसके बदले उसने 26 लाख रुपये की मांग की। आरोपी के झांसे में आकर उसने बेटे के दस्तावेज और पासपोर्ट सौंप दिए तथा अलग-अलग खातों में करीब 26.21 लाख रुपये जमा करवा दिए। इसके बाद आरोपी ने व्हाट्सएप पर 15,540 डॉलर फीस जमा होने की फर्जी रसीद भेजकर लंबे समय तक परिवार को गुमराह किया। जब शिकायत करने वाले ने खुद कॉलेज से संपर्क कर जानकारी जुटाई, तो सामने आया कि वहां केवल 1500 डॉलर ही जमा हुए थे। बाकी रकम का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। साथ ही बेटे का वीजा 4 जून 2025 को ही रद्द हो चुका था, जिसकी जानकारी आरोपी ने छिपाए रखी। रुपये वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगा और कथित तौर पर जान से मारने की धमकी भी दी। उसने कुछ चेक दिए, लेकिन वे बैंक में बाउंस हो गए। पीड़ित ने कॉलेज से संपर्क कर फीस रिफंड की प्रक्रिया शुरू करवाई, जिसके बाद 12.70 लाख वापस मिल गए। इसके बावजूद शेष राशि अब तक नहीं लौटाई गई है।




**मामले की जांच जारी**
सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी एसआई अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 7.5 लाख ठगे

**कैथल।** पूंडरी में युवक को शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने 7.5 लाख की साइबर ठगी कर ली। ठगों ने व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए भरोसा जीता और फिर फर्जी वेबसाइट पर वर्चुअल अकाउंट बनाकर रकम हड़प ली। शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में इंद्रा कॉलोनी पूंडरी निवासी शुभम ने बताया कि 9 जनवरी को उसे वीआईपी चैट ग्रुप 317 नाम के व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया जाता था। ठगों ने उसे लिंक भेजकर फर्जी वेबसाइट पर वर्चुअल अकाउंट बना दिया और शुरुआत में मुनाफा दिखा विश्वास जीत लिया। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग बहानों से युवक से पैसे डलवाने शुरू कर दिए। युवक ने कई बार में कुल 7.5 लाख रुपए विभिन्न यूपीआई आईडी और बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए।

---

# साइबर सेल टीम ने अप्रैल में ढूंढ निकाले करीब ₹11 लाख कीमत के 68 गुमशुदा मोबाइल फोन

- डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने मोबाइल मालिकों को सौंपे उनके फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले की साइबर सेल जहां अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रही है वहीं जिले की साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश की अगुवाई में एएसआई रणदीप सिंह, एचसी दीपक, एचसी अरुण, सिपाही अनिल , अजय वीर व मोनू की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटा कर अप्रैल में आमजन के गुम करीब 11 लाख से अधिक कीमत के 68 मोबाइल को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। डीएसपी गुरविंद्र सिंह द्वारा पुलिस लाइन कैथल में उक्त फोन के मालिकों को बुलाकर फोन सौंपे गए। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने कहा कि जिला पुलिस की साइबर सेल ने अब तक सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त मोबाइल गुम की शिकायतों की मॉनिटरिंग करते लाखों की कीमत के फोन को ट्रेस करने में सफलता हासिल की है। सीईआईआर पोर्टल के विषय में बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए इस पोर्टल की खासियत ये है कि इस पर शिकायत रजिस्टर्ड करने उपरांत मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक हो जाता है और मोबाइल ट्रेस होने उपरांत शिकायतकर्ता को सूचना दे दी जाती है। वहीं एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि साइबर सैल पुलिस का यह एक सराहनीय कार्य है।



कैथल। फोन मालिकों को गुमशुदा फोन लौटाते डीएसपी गुरविंद्र सिंह

### 3.75 ग्राम हेरोइन सहित दो आरोपी गिरफ्तार

 **कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने थाना शहर क्षेत्र में कार्रवाई करते 2 आरोपितों को 3.75 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू किया है।
 पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश की अगुवाई में एएसआई करनैल सिंह की टीम खनौरी बाईपास रोड़ अंडरपास पर गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान जींद रोड़ की तरफ से एक सफेद रंग की गाड़ी आती हुई दिखाई दी, जिसको रुकने का ईशारा किया तो ड्राइवर गाड़ी को मोड़ने लगा। पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए गाड़ी सहित आरोपियों को काबु कर लिया गया। जिसमें ड्राईवर सीट की साइड सीट पर बैठे लड़का गाड़ी के डैशबोर्ड से पन्नी निकालकर फेंकने लगा, जिससे पन्नी छिन्न ली गई।

### हमला कर चोट मारने के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना चीका क्षेत्र में एक व्यक्ति को चोटे मारने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस एसएचओ एसआई प्रवीन कुमार की अगुवाई में एएसआई दलबीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव अजीमगढ़ निवासी यादवेंद्र सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव अजीमगढ़ निवासी प्रेमपाल सिंह की शिकायत अनुसार 16 अप्रैल दोपहर 12 बजे उसके पिता रणजीत सिंह किसी कार्य से बीडीओ कार्यालय चीका गए हुए थे। इसी दौरान पहले से रंजिश रखने वाले आरोपी गांव अजीमगढ़ निवासी यादवेन्द्र सिंह, सुखचैन सिंह, खुशभाग सिंह, समाना निवासी सोनू व अन्य साथियों ने योजनाबद्ध तरीके से उसके पिता पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में रणजीत सिंह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर बेहोश हो गए।

---

### कुछ समय के लिए बिजली हुई गुल, तापमान में आई गिरावट

# आंधी-हल्की बूंदाबांदी ने गर्मी से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव आ रहा है। गुरूवार दोपहर को अचानक से धूल भरी आंधी चली और कुछ समय के लिए हलकी बूंदाबांदी भी हुई। जिसने गर्मी से राहत दिलाने का काम किया। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। गुरूवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री गिर कर 37 डिग्री पहुंच गया तथा न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 42 प्रतिशत तथा हवा की गति 14 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम के परिवर्तनशील रहने की संभावना है। पिछले तीन दिनों से मौसम सुहाना बना हुआ था। दो दिनों से तापमान में में भी कमी आ रही है। गुरूवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ तपिश बढ़ने लगी। दोपहर तक गर्मी हो गई। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और आकाश में बादलों के साथ धूल भरी आंधी चलने लगी। बाद में हुई बूंदाबांदी ने आंधी से निजात दिलाई। जिसके बाद मौसम सुहाना हो गया। तेज आंधी के चलते कई स्थानों पर बिजली गुल हुई। बिजली गुल रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से चलते मौसम मे बदलाव आया है। मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। तापमान में एक से दो डिग्री तक गिरावट आएगी।



जींद। तेज आंधी के दौरान आसमान में छाई काली घटाएं। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईवाली करता एक युवक गिरफ्तार

जींद। सीआईए स्टाफ ने कृष्ण गौशाला के पास से एक सट्टा खाईवाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उसे सूचना मिली थी कि मनोज कृष्ण गौशाला पांडु पिंडारा के पास सट्टा लगाने के लिए लोगों को उकसा रहा है। इस पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंच कर रेड की और मनोज को सट्टे के पर्चे और 6500 रुपये की नगदी समेत गिरफ्तार कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मनोज के खिलाफ जुआ अधिनियम में मामला दर्ज किया है।

### गेहूं के सीजन में नहीं आ रही कोई परेशानी : अत्री

उचाना। भाजपा नेता एवं आढ़ती सतपाल अत्री ने कहा कि गेहूं के सीजन में किसान, आढ़ती को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी गई। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से जो मांग गेहूं के सीजन की शुरुआत से पहले की गई थी वो सभी मांगे विधायक द्वारा पूरी की गई। गेहूं खरीद के नए नियमों से भी कोई परेशानी नहीं हुई। यहां पर विधायक के निर्देश के बाद अधिक प्वाइंट बनने से किसान अपनी फसल को 2 से 3 मिनट में मंडी में सभी नियम पूरे करके फसल उतार कर खेत, घर पहुंच रहे थे। आज उठान की प्रक्रिया है वो उचाना मंडी में जींद जिले में दूसरी मंडियों से बेहतर है। यहां पर देरी से लिफ्टिंग का टेंडर होने से जरूर कुछ दिन परेशानी उठान में हुई है।

### भाषा, भोजन, भजन, भवन व भ्रमण हो स्वदेशी

जींद। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डा. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए भजन भजन भाषा भवन और भ्रमण में स्वदेशी का भाव जागृत होना आवश्यक है। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ा खेमावती में हमारा परिवार संगठन की ओर से आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे पढ़ाई और स्वाध्याय पर जितना ध्यान दें उतना ही ध्यान अपने स्वास्थ्य पर भी दें।

### विशेष शिविर में बच्चों ने सीखी योग क्रियाएं

जींद। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंधवीखेड़ा में चल रहे छह दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। यह शिविर आयुष विभाग हरियाणा एवं योग आयोग हरियाणा के तत्वावधान में तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के निर्देशानुसार योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश एवं योग विशेषज्ञ गोविंदा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान आयुष योग सहायक नरेश गौतम एवं सुदेश द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का नियमित अभ्यास करवाया गया।

### 10 हजार मीटर दौड़ में सूरज ने जीता स्वर्ण

जींद। आठवीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का दो दिवसीय आयोजन राजकुमार मिटान सदस्य ग्रीवेंस कमेटी एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के नेतृत्व में नवदीप स्टेडियम में हुआ। मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि जिला जींद के एथलीट खिलाडियों ने पांच स्वर्ण पदक, पांच रजत पदक व 3 कांस्य पदक समेत 13 पदक जीत कर जिला का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए मुकाबले में पुरुष वर्ग पांच हजार मीटर दौड़ में अजय सोनीपत ने स्वर्ण पदक, बिट्टू जींद ने रजत और परवीन कुमार फतेहाबाद ने कांस्य पदक जीता।

### 797741 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से जारी है। मंडियों में किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि उन्हें असुविधा का सामना न करना पड़े। एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि उठान कार्य में और तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में द्बक्तसल का सुचारू प्रबंधन बना रहे। बताया कि जिले में गत दिवस तक कुल सात लाख 97 हजार 741 एमटी गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

# हर हाल में तैयार किया जाए मिड-डे मील, सिलेंडर नहीं तो लकड़ी अपनाएं

- जिले में 8वीं कक्षा तक 60 हजार विद्यार्थी कर रहे शिक्षा ग्रहण

## राजकीय स्कूलों में मिड-डे मील योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए शिक्षा विभाग ने निर्देश किए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय स्कूलों में मिड-डे मील योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए शिक्षा विभाग ने अहम निर्देश जारी किए हैं। विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार यदि स्कूलों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाती है तो मिड-डे मील तैयार करने के लिए वैकल्पिक रूप से लकड़ी का उपयोग किया जा सकता है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को नियमित रूप से मिड डे मील उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। ऐसे में आवश्यक होने पर अस्थायी रूप से लकड़ी का उपयोग कर भोजन तैयार किया जा सकता है ताकि योजना प्रभावित न हो। शिक्षा विभाग का कहना है कि किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थियों को मिलने वाला भोजन बाधित नहीं होना चाहिए और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। गौरतलब है कि राजकीय स्कूल में पढने वाले पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दोपहर के समय मिड डे मील दिया जाता है। इसमें विद्यार्थियों को रोटी, चावल, दाल, दही सहित अन्य चीजें दोपहर के खाने में दी जाती हैं। विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग दिन में मेन्यू के हिसाब से अलग-अलग व्यंजन दिए जाते हैं। जिले में आठवीं कक्षा तक लगभग 60 हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मिड डे मील दिए जाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर पोषण देना है। इस समय कई जगह गैस सप्लाई की दिक्कत आ रही है। गैस की सही समय पर उपलब्ध नहीं होने पर मिड डे मील बनाने में परेशानी हो रही थी। हालांकि कई जगह शिक्षक अपने स्तर पर प्रयास कर सिलिंडर उपलब्ध कर रहे हैं लेकिन कई बार समय पर सिलिंडर उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे में विद्यार्थियों को मिड डे मील के दौरान कोई परेशानी नहीं आए, इसके लिए शिक्षा विभाग ने सिलिंडर उपलब्ध नहीं होने पर शिक्षकों को वैकल्पिक तौर पर खाना बनाने के लिए लकड़ी का प्रयोग करने के निर्देश दिए हैं।



जींद। लकड़ी जला कर मिड डे मील बनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### भोजन में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि यदि गैस सिलेंडर समय घर उपलब्ध नहीं होती है तो मिड डे मील तैयार करने के लिए लकड़ी का उपयोग कर सकते है ताकि स्कूल में पढ़ने वाले छात्रो को बिना किसी बाधा के मिड डे मील मिल सके। मौलिक शिक्षा हरियाणा के निदेशक की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि वे संबंधित गैस एजेंसियों से समन्वय कर जल्द से जल्द सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। गैस उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में विद्यार्थियों के भोजन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री की अध्यक्षता में नप हाउस की बैठक

# नरवाना को सुंदर-सुरक्षित और विकसित बनाया जाएगा : बेदी

### विकास कार्यों के लिए 46 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पास

**नरवाना के मुख्य रेलवे रोड को अति उत्तम क्वालिटी का बनाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि नरवाना को सुंदर, स्वच्छ सुरक्षित और विकसित शहर बनाया जाएगा। इसी पर फोक्स रखते हुए नगर परिषद की बैठक में अनेक विकास कार्यों के प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं। इस पारित बजट के अलावा भी अन्य कार्यों के प्रस्ताव शहर के विकास कार्यों में अहम भूमिका निभाएंगे।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी गुरूवार को नगर परिषद हाउस की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में नरवाना शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 46 करोड़ छह लाख रुपये का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पास किया गया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नरवाना के मुख्य रेलवे रोड को अति उत्तम क्वालिटी का बनाया जाएगा। भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन तक बनने वाली इस भव्य एवं सुदृढ़ सड़क के टेंडर लगाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जाएगा। स्टेशन के एंट्रेंस तथा एग्जिट को भी अति सुंदर बनाया जाएगा। इसके अलावा विश्वकर्मा चौक से भगत सिंह चौक तक सड़क निर्माण का भी प्रस्ताव पास किया गया है। शहरवासियों को बंदरों के प्रकोप से मुक्ति दिलाने के लिए भी बंदर पकडऩे की प्रक्रिया का वर्क आर्डर जल्दी ही नगर परिषद द्वारा कर दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि नगर परिषद कार्यालय नए भवन का निर्माण होने तक सामुदायिक केंद्र में शिफ्ट करने पर भी सहमति बनी है। केएम कॉलेज नरवाना में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ईलाइब्रेरी का निर्माण करवाया जाना भी प्रस्तावित है। इस भवन के निर्माण पर पांच करोड़ रुपये खर्च आएंगे। इसके लिए ढाकल रोड नजदीक कॉलेज में बने पुराने पुलिस क्वार्टर वाली जगह चिन्हित की गई है। हाउस में इस कार्य की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी मंजूरी दी गई है ताकि जल्दी ही लाइब्रेरी भवन निर्माण शुरू करवाया जा सके। शहर पूर्ण रूप से साफ-सुथरा और सुंदर बने तथा कूड़ा, कचरा मुक्त हो, इसके लिए जमीन किराये पर ली गई है तथा बरसाती सीजन से पहले निर्धारित जगह पर कूड़ा व कचरा डालना शुरू हो जाएगा। आगामी गर्मी के मौसम के मध्यनजर नगर परिषद द्वारा पानी के पांच टैंकर खरीदने का प्रस्ताव भी पास किया गया है ताकि प्रत्येक शहरवासी को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में शहर की सुंदरता के लिए जैन संस्थापक तथा अग्रसेन के नाम पर दो भव्य स्वागत द्वार बनाने के लिए भी प्रस्ताव रखे गए हैं। इसके अलावा ओपन थिएटर के पास अग्रसेन धर्मशाला निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूर किया गया है। हाउस की बैठक में यह भी फैसला लिया गया है कि सभी वार्डों में 31-31 लाख रुपये के अन्य विकास कार्य भी करवाए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने यह भी बताया कि प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित सभी शिकायतें एसडीएम जगदीश चंद्र के समक्ष मंगलवार और शुक्रवार को उनके कार्यालय में सुनी जाएंगी। कैबिनेट मंत्री ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बरसाती सीजन से पहले सभी नालों की सफाई करवाएं और आवश्यकता अनुसार रिपेयर भी करवाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ गंभीरता से हाउस में पारित सभी कार्यों को निश्चित समय में पूरा करवाने के लिए कहा। किसी भी ढिलाई और लापरवाही के लिए संबंधित अधिकारी जवाबदेह होगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त प्रदीप कुमार, एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र, ईओ नगर परिषद रविंद्र कोहाड़, चेयरपर्सन नगर परिषद मुकेश मिर्धा, वाइस चेयरमैन शशिकांत शर्मा, नगर परिषद के अन्य अधिकारी तथा सभी नगर पार्षद मौजूद रहे।



नरवाना। बैठक की अध्यक्षता करते हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी। फोटो :हरिभूमि



जींद। विपक्ष का पुतला फूंकते भाजपा महिला विंग कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

# भाजपा महिला विंग ने विपक्ष का पुतला फूंका

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल का विरोध करने वालों को लेकर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा महिला विंग ने गुरूवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल का विरोध करने वालों के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी के पुतले फूंके। पुतला दहन से पहले भाजपा की महिला शक्ति विंग द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल का विरोध करने वालों के खिलाफ नारेबाजी की और जनाक्रोश सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में मुख्यअतिथि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रहे। जबकि आयोजक रीटा धीमान व संतोष शर्मा रही। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को संसद में गिरा कर कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी, डीएमके पार्टी ने अपनी ओच्छी मानसिकता का परिचय दिया है। महिला शक्ति चुनाव के वक्त एक बटन रूपी वोट को दबा कर इस अपमान का बदला लेने का काम करेगी। भाजपा की जिला महामंत्री व भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि महिला शक्ति इस अपमान को कभी नहीं भूलेगी। देश के प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को समान अधिकार देते हुए लोकसभा व विधानसभा में 33 % आरक्षण देने का काम किया था। मगर विपक्ष ने इसको संसद में गिराने का काम किया। इस अपमान को महिला शक्ति कभी नहीं भूलेगी। सम्मेलन में नप की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी, नीरू जिंदल, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कविता शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो खेतों से सबमर्सिबल की मोटर चोरी

जींद। जिले में खेतों से दो सबमर्सिबल की मोटर चोरी हो गई हैं। पहले मामले में जुलाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव शादीपुर के सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में कहां आएगी उसने अपने खेतों में तीन हॉर्स पावर का सोलर पंप लगवाया हुआ है और दिनांक 28 अप्रैल को वह अपने खेतों में मोटर को सही सलामत छोड़ कर आया था और 29 अप्रैल को उसे सुबह मोटर गायब मिली। जुलाना थाना पुलिस ने सुनील की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



जींद। बैठक में जन शिकायतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### सीएम विंडो की शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश

जींद। लघु सचिवालय के सभागार में एसडीएम सत्यवान मान की अध्यक्षता में सीएम विंडो व जन संवाद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों को अभी तक अंडरटेक नहीं किया गया है, उन्हें तुरंत किया जाए और जिन मामलों में एटीआर अपडेट नहीं हैए उसे बिना देरी के पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को फाइलों का सही रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि शिकायतों का समाधान पारदर्शी और सरल तरीके से हो सके। एसडीएम ने कहा कि जिला प्रशासन इस कार्य को पूरी गंभीरता से ले रहा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बढ़ता प्रदूषण आज मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर चुनौती : प्रो. सत्यवान मलिक

जींद। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में नो व्हीकल डे का सफल आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण आज मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। इससे निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर जीवनशैली में बदलाव लाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों ने निजी वाहनों के स्थान पर साइकिल, इलेक्ट्रिक वाहन तथा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




राजकीय महाविद्यालय में नो व्हीकल डे मनाते प्राचार्य व प्राध्यापक। फोटो :हरिभूमि



उचाना। आवास पर आमजन से रूबरू होते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### जनता की सेवा ही मेरा धर्म : देवेंद्र अत्री

उचाना। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने अपने आवास पर आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्रवासी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर मिलने पहुंचे। विधायक ने समस्याओं को सुनते हुए उचित समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के आवश्यक निर्देश दिए। अत्री ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म है। मेरा दरवाजा हर नागरिक के लिए हमेशा खुला है। आप सबकी समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं और उनका समाधान मेरा दायित्व है। सरकार जनता को सुशासन देने के प्रति दृढ़ संकल्प है। सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए कटिबद्ध है। विशेष रूप से कमजोर वंचित एवं पिछड़े वर्गों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

### धैर्य धर्म का पहला अंगः रामनिवास

जींद। असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि संसार में सुख, दुख, हानि-लाभ, जीवन मरण, यश, हार जीत, अनुकूलता प्रतिकूलता, जीव के कर्मा अनुसार राजा रंक फकीर सभी के जीवन में समय-समय पर आती-जाती रहती है। जब सुख का समय आए तो इससे अत्यधिक हर्षित ना हो तथा जब दुःख का समय आए तो इससे अत्यधिक निराश ना हो। दोनों ही अवस्थाओ में सहज, संतुष्ट, शांत, गंभीर सहनशील रहना ही धैर्य है। संसार में गरीब व्यक्ति जहां हर समय महंगे भोजन खा नहीं सकते हैं, वहां अमीर व्यक्ति हर समय महंगे भोजन पचा नहीं सकते हैं। इसी प्रकार जो व्यक्ति उनके जीवन में उनकी सामर्थ्य के अनुसार प्राप्त परिस्थितियों से संतुष्ट रहकर सस्ते महंगे भोजन का विचार न कर प्रतिकूल समय में पानी नमक के साथ भी रोटी खा कर उदर पूर्ति कर लेते हैं। सुखी रहते हैं।

## वास्तविक हाउस लिस्टिंग कार्य की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक

# जनगणना में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ईमानदारी और निष्ठा से करें अपना कार्य : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत 1 मई से की जा रही है। जिसमें 31 मई तक घर सूचीकरण का व्यापक कार्य पूरा किया जाएगा। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को डीसी कार्यालय में तैयारियों की समीक्षा करते अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान पहले दिन से ही प्रभावी ढंग से लागू हो और कहीं भी किसी प्रकार की बाधा न आने पाए। उपायुक्त ने कहा कि जिले का कोई भी क्षेत्र चाहे वह स्लम हो, दूरदराज हो या एकांत में बना मकान हो एजनगणना से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ इस राष्ट्रीय कार्य को पूरा करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी प्रगणक अपनी पूरी किट के साथ फील्ड में जाएं और कार्य को समय पर शुरू करें। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्होंने प्रगणकों से अपनी सेहत का ध्यान रखने और अनुकूल समय में कार्य करने का सुझाव भी दिया। साथ ही अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड में जाकर कार्य की निगरानी करने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए। इसके तहत सिनेमा घरों, कूड़ा संग्रहण वाहनों, सार्वजनिक स्थलों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक जानकारी पहुंचाई जाए ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस अभियान से जुड़ सकें। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना में एकत्रित किया जाने वाला डेटा पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रहता है तथा इसका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं और नीति निर्माण के लिए किया जाता है।



### ये रहे मौजूद

कहा कि सही और सटीक आंकड़े ही जिले और देश के समग्र विकास की आधारशिला होते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी इस अभियान की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे प्रगणकों का सहयोग करें और सही व पूरी जानकारी उपलब्ध करवाएं। नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक चालू रहेगा। जिस पर किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त की जा सकती है। बैठक में डीआरओ राजकुमार, डीईओ रीतू पंघाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



उचाना। रक्तदाता विक्रम चहल को पौधा, प्रमाण पत्र देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### रक्तदान से बड़ा कोई भी दान नहीं: राजेश बंसल

उचाना। एसजीएनएडी कॉलेज ऑफ एग्जुकेशन उचाना कलां में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। 50 यूनिट रक्तदान शिविर में हुआ। रेडक्रास सोसायटी जींद, कॉलेज कन्विनर डॉ. विजय लक्ष्मी के मागदर्शन में शिविर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर सीआरएसयू जींद से कंट्रोल ऑफ एग्जामिनेशन प्रोफेसर राजेश कुमार बंसल पहुंचे। बंसल ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। एक यूनिट रक्त भी किसी जरूरतमंद की जान बचाने के काम आ सकता है। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र के साथ पर्यावरण बचावने का संदेश देते हुए पौध रोपण करने के लिए पौधे भी दिए गए। इस तरह के शिविर जीवन रक्षक साबित होने के साथ-साथ समाज में सेवा और मानवता का संदेश भी देते है। इस मौके पर विनोद, सोमवीर, मनीष, सुरेंद्र, प्रदीप, दिनेश, अंकित, सोमवीर कंदौला मौजूद रहे।

### परशुराम जन्मोत्सव हलका स्तर पर बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया

# भगवान परशुराम हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की देते हैं प्रेरणा

- सभा अध्यक्ष प्रमोद शर्मा व अन्य सदस्यों ने सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी क्षेत्र के गांव फतेहपुर स्थित माता मनसा देवी मंदिर परिसर में सर्व ब्राह्मण सभा हल्का पूंडरी द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हल्का स्तर पर बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन सभा के हलका प्रधान प्रमोद शर्मा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद जर्नल डीपी वत्स उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष जिले राम पचोलिया, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सब-रजिस्ट्रार विजय शर्मा, ढांड मंडी एसोसिएशन के प्रधान दीपक शर्मा, ब्राह्मण सभा करनाल के अध्यक्ष सुरेंद्र बड़ौदा, मार्केट कमेटी पूंडरी के अध्यक्ष सुभाष हजवाणा, ब्राह्मण सभा कैथल के अध्यक्ष विजय पाल उर्फ विक्की शर्मा,



पूंडरी। आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। फोटो : हरिभूमि

सरपंच प्रतिनिधि पिलनी नरेंद्र शर्मा, पिहोवा नगर पालिका के अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि तथा परशुराम वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष जंगशेर शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष आशीर्वाद देने के लिए बाबा बिशनपुरी शेरदा के महंत शिवगिरी जी महाराज, स्वामी रमेश नाथ जी, स्वामी कृष्णापुरी जी और श्रीमंत स्वामी संजय पुरी जी भी पहुंचे। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष प्रमोद शर्मा व अन्य सदस्यों ने सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि जर्नल डीपी वत्स ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम जी भारतीय संस्कृति के ऐसे महान योद्धा और ऋषि थे, जिन्होंने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई और धर्म की स्थापना के लिए जीवन समर्पित किया। भगवान परशुराम जी हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन समाज में समानता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। वे एक महान ब्राह्मण ऋषि होते हुए भी अद्वितीय योद्धा थे। उन्होंने समाज में फैल रहे अत्याचारों का अंत करने के लिए कई बार संघर्ष किया और धर्म की रक्षा की। उनका जीवन यह संदेश देता है कि जब भी समाज में अन्याय बढ़े, तब उसका डटकर सामना करना चाहिए।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला पार्षद मुनीश शर्मा, मार्केट कमेटी पाई के चेयरमैन कृष्ण पिलनी, पूर्व पार्षद रामधारी शर्मा, गौतम दत्त, अशोक कोल, जयभगवान शर्मा, ईश्वर शर्मा बरोट, पवन बेल्जियम, सभा सदस्य प्रवीण शर्मा, सुमित आचार्य, कृष्ण दत्त हाबड़ी, चिंकू शर्मा, मोहित शर्मा, जितेंद्र शर्मा, विशाल शर्मा, डॉ. विनय कौशिक, राजेश गौड़, नरेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा फरल, प्रधान रामकुमार शर्मा, राजेंद्र फतेहपुर, रूपचंद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा चंदलाना, बलराज सिरसल, सुरेंद्र ढांड, सुभाष शर्मा व पिहोवा सभा के सदस्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्व-गणना के बाद अब गणना का कार्य किया जाएगा, जिसकी समय सीमा 30 मई तक निर्धारित

# आज से शुरू होगा घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग का कार्यः डीसी अपराजिता

- आमजन करें जनगणना में सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि जनगणना प्रक्रिया के तहत एक मई से जिले में घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग एवं जनगणना का कार्य शुरू किया जाएगा। अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी क्षेत्र या मकान छूटना नहीं चाहिए। यह कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ किया जाए। पहले दिन से ही इसकी निगरानी की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। वहीं आमजन भी गणना कर्मियों और पर्यवेक्षकों को सही, सटीक और नवीनतम जानकारी प्रदान करें। डीसी अपराजिता वीरवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में जनगणना कार्य की समीक्षा कर रही थीं। इससे पहले चंडीगढ़ से जनगणना विभाग के निदेशक द्वारा सभी जिला उपायुक्तों को एक मई से शुरू होने वाले मकान सूचीकरण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। डीसी अपराजिता ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। स्व-गणना के चरण के बाद अब घर-घर जाकर गणना का




कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए फोटो : हरिभूमि

कार्य किया जाएगा, जिसकी समय सीमा 30 मई तक निर्धारित है।

उन्होंने जिला सांख्यिकी अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नगर पालिका के तालमेल बनाते हुए उनके वाहनों पर ऑडियो संदेश चलवाकर आमजन को जागरूक करें। इसी प्रकार सिनेमा घरों में भी जागरूकता वीडियो चलाई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले का कोई भी क्षेत्र जनगणना से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए तहसीलदारों, पटवारियों और नंबरदारों के माध्यम से नियमित निगरानी और सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों से लगातार संपर्क बनाए रखें और समस्याओं का तुरंत समाधान करें।

उन्होंने बताया कि अब तक बड़ी संख्या में लोगों ने सेल्फ एन्यूमरेशन पूरा कर लिया है और लक्ष्य है कि इस आंकड़े को 30 अप्रैल शाम तक और बढ़ाया जाए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें।

डीसी ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसे किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ साझा नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम संजय कुमार, डीआरओ चंद्रमोहन, जिला सांख्यिकी अधिकारी निर्मल, एआईपीआरओ अमित कौशिक, जिला जनगणना समन्वयक ज्योति राणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

#### जनगणना के दौरान पूछे जाएंगे ये 33 सवाल

भवन नंबर या जनगणना नंबर, मकान नंबर, मकान के फर्श में इस्तेमाल प्रमुख सामग्री, (यानी कि फर्श सीमेंट का है, ग्रेनाइट है, मार्बल है), मकान की दीवार में इस्तेमाल सामग्री, मकान की छत में इस्तेमाल सामग्री, मकान का इस्तेमाल, मकान की हालत, परिवार क्रमांक, परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, परिवार के मुखिया का लिंग, जाति, (सामान्य, अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी), मकान के स्वामित्व की स्थिति, मकान में कमरों की संख्या, विवाहित दंपतियों की संख्या, पेयजल का सोर्स, पेयजल की उपलब्धता, बिजली का सोर्स, शौचालय की उपलब्धत, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी, स्नानघर की उपलब्धता, गैस कनेक्शन, खाना पकाने का मुख्य ईंधन, रेडियो/ट्रांजिस्टर/टीवी, इंटरनेट की सुविधा, लैपटॉप /कंप्यूटर, टेलीफोन/मोबाइल/स्मार्ट फोन, साइकिल/स्कूटर/मोटरसाइकिल, कार/ जीप / वैन, मुख्य अनाज तथा मोबाइल आदि।

#### हीट वेव से बचाव को लेकर पुख्ता तैयारियां रखें सभी अधिकारी : डीसी



**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि बढ़ती गर्मी और हीट वेव के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी अधिकारी अपने अपने विभागों से संबंधित तैयारियां पुख्ता रखें। आमजन को बिजली, पानी, दवाइयों या अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी विभागाध्यक्ष एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें और उनके संपर्क विवरण जिला प्रशासन को भेजे। वहीं सामाजिक धार्मिक संस्थाएं भी इस कार्य में सहयोग करने के लिए आगे आएं और स्कूलों को गोद लेकर उनकी छतों पर फेविकोल व चूने का लेप करवाने में सहयोग करें। डीसी अपराजिता लघु सचिवालय स्थित सभागार में हीट वेव को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि, जन स्वास्थ्य, बिजली विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डीसी ने सभी विभागों से अब तक की तैयारियों का फीडबैक लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी अपराजिता ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सभी एसडीएम द्वारा पांच-पांच स्कूल चयनित किए गए हैं, जहां पर हीट वेव से बचाव कार्य किए जाएंगे। इसमें कक्षाओं की छतों पर चूना व फेविकोल मिश्रण की परत चढ़ाने की योजना है। जिससे तापमान में कुछ कमी आती है। इसमें सामाजिक धार्मिक संस्थाएं भी अपना सहयोग दें। वे किसी भी स्कूल को गोद ले सकते हैं, छतों पर लेप करने में प्रशासन की मदद कर सकते हैं। डीसी अपराजिता ने नागरिकों से अपील की कि अत्यधिक गर्मी के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, पर्याप्त पानी पिएं और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर एडीसी सुशील कुमार, एसडीएम संजय कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, सीएमओ डा. रेणु चावला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

#### स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष फोकस

डीसी अपराजिता ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि अस्पतालों में एसी और कूलर की कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करें। जहां उपकरण खराब हैं, उन्हें तुरंत ठीक करवाएं। दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता और डॉक्टरों की मौजूदगी सुनिश्चित करें। इसके अलावा डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए 'घर-घर सर्वे' अभियान तेज किया जाए।

## लोकतंत्र की मालिक है जनता : देवेंद्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

उचाना से भाजपा विधायक एवं कलायत विधानसभा प्रभारी देवेंद्र अत्री ने कहा कि दोनों विधानसभा क्षेत्रों से उनका पारिवारिक नाता है। इसलिए हर स्तर पर इन इलाकों की आवाज को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व विधानसभा पटल पर बुलंद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। विधायक ने कलायत शहर में भगवान परशु राम के नाम पर भव्य धर्मशाला निर्माण के लिए 11



लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही धर्मशाला के लिए नगर पालिका के माध्यम से जमीन दिलाने के लिए जल्द सीएम नायब सिंह सैनी से शिष्टमंडल के साथ मुलाकात करने का आश्वासन दिलाया। वे बृहस्पतिवार को कलायत में भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। भगवान परशु राम सामुदायिक भवन परिसर में उन्होंने महानविभूति को नमन-वंदन करते हुए उनके जीवन दर्शन को अपनाने की अपील लोगों से की।

## स्ट्रेस मैनेजमेंट एंड इमोशनल वेलबीइंग पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में चौ. तेजवीर सिंह के आशीर्वाद स्वरूप आईक्यूएसी सेल एवं नेशनल टास्क फोर्स सेल के संयुक्त तत्वावधान में"प्रशासनिक, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों के लिए तनाव प्रबंधन एवं भावनात्मक कल्याण/" विषय पर एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर उत्पन्न होने वाले तनाव का प्रभावी प्रबंधन तथा मानसिक एवं भावनात्मक सुदृढ़ता के उपायों पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में एनआईटी कुरुक्षेत्र के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. जयदीप गुप्ता उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने व्याख्यान में तनाव प्रबंधन एवं भावनात्मक कल्याण के विभिन्न आयामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही, विभिन्न प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने यह बताया कि दैनिक जीवन एवं कार्यस्थल पर तनाव को किस प्रकार नियंत्रित एवं संतुलित किया जा सकता है। मुख्य वक्ता ने कार्यक्षेत्र में उत्पन्न होने वाले तनाव के कारणों, प्रभावों एवं उनके समाधान पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने मानसिक शांति बनाए रखने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा भावनात्मक रूप से सशक्त बनने के प्रभावी उपाय भी साझा किए।

#### ज्ञान भारतम मिशन के तहत पांडुलिपि व अभिलेख सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध पूरा करें

**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार के ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। यह सर्वेक्षण आगामी 10 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाए, इसके लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ तेजी से कार्य करें। एडीसी सुशील कुमार अपने कार्यालय में इस कार्य के लिए गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्यों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जिले के धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आमजन के पास उपलब्ध 75 वर्ष से अधिक पुराने पांडुलिपियों और अभिलेखीय दस्तावेजों की पहचान कर उनका दस्तावेजीकरण एवं डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। यह सभी डेटा 'ज्ञान भारतम् मिशन' पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिससे ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित किया जा सके। यह अभियान जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है।

##### उपमंडल स्तर पर टीमों का गठन

एडीसी ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय समिति के साथ-साथ सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए उपमंडल स्तर पर टीमों का गठन करें। यह टीमें क्षेत्र में पांडुलिपियों का भौतिक सत्यापन, मैपिंग और डेटा संग्रहण सुनिश्चित करेंगी।

##### जन जागरूकता पर विशेष जोर

हर घर दस्तक अभियान के माध्यम से आमजन को इस सर्वेक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही अभिलेख दान अभियान के जरिए लोगों को स्वेच्छा से जानकारी साझा करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक प्राचीन धरोहरों की पहचान हो सके।

##### पुरानी पांडुलिपि की प्रशासन को दें जानकारी

एडीसी ने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों के पास पांडुलिपियां या अभिलेख हैं, वे उन्हीं के पास सुरक्षित रहेंगे। सरकार केवल उनका रिकॉर्ड तैयार कर उन्हें संरक्षित रखने में सहयोग करेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि उनके पास कोई पुरानी पांडुलिपि या अभिलेख है, तो उसकी जानकारी प्रशासन को दें।

**बैठक** सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति विद्यार्थियों को किया जाएगा जागरूक

# डाइट कैथल में अधिकारियों ने किया मंथन स्कूल निरीक्षण व नामांकन बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला शिक्षा अधिकारी कैथल सुभाष कुमार की अध्यक्षता में डाइट कैथल में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, क्लस्टर हेड, प्रवेश उत्सव अभियान ब्लॉक नोडल तथा समग्र शिक्षा के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा से जुड़े विभिन्न अहम विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करें तथा अपनी विजिट की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करें। निर्मल सिंह ने स्कूल विजिट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक अधिकारी कम से कम पांच विद्यालयों का दौरा करना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत जिला प्रवेश उत्सव नोडल अधिकारी कुशल कुमार ने "प्रवेश उत्सव" अभियान के तहत विद्यालयों में



कैथल। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार नामांकन के बोर्ड को दिखाते हुए फोटो : हरिभूमि

नामांकन बढ़ाने पर विशेष बल दिया। अधिकारियों को खासतौर पर बालवाटिका कक्षाओं में अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। "एक विद्यार्थी एक परिवार" कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार चावला ने जिला पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा शुरू की गई इस मुहिम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में साइबर रिस्पॉन्डर नियुक्त किए जाएं जो विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करें, ताकि हर विद्यार्थी अपने परिवार को भी जागरूक कर सके। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों को साइबर जागरूकता की शपथ भी दिलवाई गई।

बैठक में आगे जिला पुलिस कैथल के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। डॉ. विजय चावला द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी साझा की गई। सड़क पर वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना हर विद्यार्थी और चालक के लिए बहुत आवश्यक है। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और विभिन्न अभियानों को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में सभी खंड शिक्षा अधिकारी, क्लस्टर हेड, प्रवेश उत्सव अभियान ब्लॉक नोडल तथा समग्र शिक्षा के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



#### शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी दुरुस्त करे प्रशासन : रामफल दयोहरा

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान रामफल दयोहरा के नेतृत्व एवं जिला सचिव अमरनाथ किठानिया के संचालन में शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी के दुरुस्तीकरण को लेकर एडीसी सुशील कुमार मलिक व एसडीएम महोदय संजय कुमार से मिला। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानिया व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान ओमपाल भाल ने बताया कि जिले में बहुत से शिक्षकों की बीएलओ कार्य के होते हुए जनगणना ड्यूटी भी लगाई गई है और काफी शिक्षकों की कार्यस्थल से काफी दूर दराज ड्यूटी लगाई गई है।



#### शुक्ल पक्ष की चौदस पर माता मनसा देवी मंदिर में उमड़ी आस्था, श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर स्थित माता मनसा देवी मंदिर में शुक्ल पक्ष की चौदस के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। तडके सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया और दिनभर माता के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर मां से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा और /"जय माता दी/" के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और माता के दरबार में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भारी भीड़ के चलते पूरे दिन मंदिर में रौनक बनी रही।



#### सीवन में खंड-स्तरीय योग ओलंपियाड 2026 उत्साह के साथ संपन्न

**सीवन।** राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में वर्ष 2026 का खंड-स्तरीय योग ओलंपियाड उत्साह, अनुशासन और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश ढुल ने की। आयोजन में खंड के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ योगाभ्यास के साथ किया गया, जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं।

#### मई माह के लिए बिजली अदालत का शेड्यूल जारी, शिकायतें निपटेंगी

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि मई माह में आयोजित होने वाली उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत की बैठक का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक यह बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा किया जाएगा। फरवरी माह में 5, 12, 19 व 26 को आयोजित होगी। इस बैठक में बिजली संबंधी समस्याओं जैसे गलत बिल, गलत रीडिंग, खराब मीटर जिनका स्थानीय अधिकारियों एसडीओ और एक्सईएन से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस बिजली अदालत के समक्ष रख सकते हैं।

#### 11वां प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मान दिवस 2026 के लिए मांगे आवेदन

**कैथल।** विश्व संवाद केंद्र न्यास हरियाणा के तत्वावधान में पत्रकार जगत के लिए देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में 31 मई 2026 को देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार सम्मान दिवस का आयोजन किया जाएगा । इस आयोजन में समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा करने वाले मीडिया कर्मियों पत्रकार, स्तंभकार एवं छायाकार आदि को सम्मानित किया जाएगा। अतः विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय पत्रकारिता के साथ आवेदन सादर आमंत्रित किए जाते हैं। आप अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए इन सम्मान श्रेणियों को ध्यान में रखकर निम्न सूचनाओं के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

#### आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध

**कैथल।** आमजन की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एडीसी सुशील कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समयबद्ध निपटान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ऐसे शिविर सरकार की जनहितकारी पहल का अहम हिस्सा हैं। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इनमें परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां, अवैध कब्जे, निर्माण कार्यों में अनियमितताएं और पारिवारिक विवाद आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। एडीसी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### नारी शक्ति अधिनियम पर विपक्ष गलत

**पूंडरी।** भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने नारी शक्ति वंदन बिल को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि यह बिल महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिसे कुछ लोग कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। कहा कि इसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

### 23वें दिन भी फायर कर्मियों की हड़ताल जारी

**नरवाना।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन का धरना लगातार 23वें दिन भी जारी रहा। गुरूवार को धरने की अध्यक्षता सुभाष चंद द्वारा की गई व मंच संचालन ब्लॉक नरवाना प्रधान राजा सिंह गुरथली ने किया। नरवाना ब्लॉक प्रधान ने मांग रखी कि कालका स्टील कंपनी फरीदाबाद में हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए कर्मचारियों भवी चंद शर्मा व रणवीर सिंह के परिवार को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता राशि परिवार के एक सदस्य को पक्की नौकरी व कर्मचारी को शहीद का दर्जा दिया जाए।

### बाल विवाह रोको अभियान के तहत दिलाई शपथ

**उचाना।** श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां में प्रधानाचार्य रणधीर शास्त्री की अध्यक्षता मे बाल विवाह अपराध विषय पर कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बाल विकास परियोजना अधिकारी कांता यादव पहुंची। यादव ने कहा कि बाल विवाह अपराध है। इसको लेकर हर किसी को जागरूक करना होगा। विद्यार्थियों, स्कूल स्टॉफ को विस्तार से जानकारी देने के बाद बाल विवाह रोको अभियान के तहत शपथ दिलाई गई।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के नेतृत्व में नौ मई को जींद, नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम मोनिका ने बताया कि आपसी समझौते से हल हो सकने वाले मामले में राष्ट्रीय लोक अदालत काफी कारगर सिद्ध हो रही है।

## भाकियू ने लघु सचिवालय में धरना देकर किया प्रदर्शन

# भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील से देश का किसान बर्बाद हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





कैथल। अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता व धरना देकर नारेबाजी करते किसान। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की जिलास्तरीय बैठक जिला सचिवालय पार्क कैथल मे जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता मे हुई, जिसमें सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। बैठक के बाद युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चहल नरड, प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह चीका के नेतृत्व में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध मे किसानो ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उसके बाद प्रस्तावित ट्रेड डील रद्द करने को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण व नरेन्द्र मागो माजरी ने किया।

किसानों को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील देश के किसानों और खेत मजदूरों पर सीधा हमला है। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी कृषि मंत्री के बयानों से साफ है, कि भारत- अमरीकी कृषि उत्पादों को जीरो कस्टम ड्यूटी पर अपने बाजार में आने देगा, जिससे भारतीय किसानों की रोजी-रोटी छिन जाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 में अमेरिका का भारत के साथ कृषि व्यापार घाटा 1.3 बिलियन डॉलर था, अब यह डील अमेरिकी किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है, ना कि हमारे किसानों की रक्षा के लिए। भारतीय किसान कहां जाएगा?

पहले तीन काले कृषि कानूनों से खेती कॉर्पोरेट के हवाले करने की कोशिश हुई अब फिर अमेरिकी उत्पादो को जीरो कस्टम ड्यूटी पर लाकर भारतीय किसान को बर्बाद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।यह किसानो से सबसे बड़ा विश्वासघात है। जिला अध्यक्ष गुरनाम फरल व प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चहल नरड ने कहा कि भाकियू लंबे समय से किसानों, मजदूरों एवं आम जनता के ज्वलंत मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलनरत है। संगठन द्वारा केंद्र सरकार की किसान-विरोधी नीतियों तथा भारत–अमेरिका फ्री ट्रेड डील के संभावित दुष्प्रभावों के खिलाफ लगातार आवाज़ उठाई जा रही है।

भारत–अमेरिका फ्री ट्रेड डील भारत के किसानों का डेथ वारंट है क्योंकि भारत में खेती परिवार पालने एवं अमेरिका में बिजनेस के लिए होती है अमेरिका के किसानों को वहां की सरकार सैकड़ों लाख सब्सिडी देती है भारत के 85 प्रतितशत किसान 2.5 एकड़ से कम है ओर अमेरिका का किसान हजारों एकड़ का मालिक है इसलिए भारत का किसान अमेरिका के किसान का मुकाबला नहीं कर सकता इसलिए भारत का किसान इस फ्री ट्रेड डील से समाप्त हो जाएगा इस कारण भारत अमेरिका फ्री ट्रेड डील रद्द की जाए प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह चीका ने कहा कि सभी फसलों पर एमएसपी खरीद गारंटी कानून लागू किया जाए,क्योंकि भारत के किसानों की एमएसपी पर फसल नहीं खरीद होती इस कारण से भारत के किसानों को हर साल एमएसपी न मिलने से 4 लाख करोड़ का घाटा हो रहा है इसलिए फसल खरीद की गारंटी कानून बनने से किसान की फसल को उनकी उपज का कानूनी और सुनिश्चित मूल्य मिल सकेगा।

### किसानों की पूर्ण कर्ज माफी की जाए

किसानों की संपूर्ण कर्ज माफी की जाए, क्योंकि 11 वर्षों में उद्योगपतियों का 16.5 लाख करोड़ का कर्ज सरकार ने माफ किया और इसी छोटे छोटे कर्ज के कारण अब तक 4 से 5 लाख किसान आत्महत्या कर चुके है और जो कर्ज माफी हुई है बड़े पूंजीपतियों की हुई है जबकि पूंजीपति आत्महत्या नहीं कर रहे । बीज बिल एवं बिजली बिल से किसानों और आम उपभोक्ताओं तब राहत मिलेगी जब इसको रद्द किया जाएगा। इस मौके पर सुभाष भागल, केवल सिंह सिद्धू, रणधीर बरसाना, पिरथी कौल, भीम खनौदा, सुभाष मास्टर, मोनी सिकंदर खेड़ी, किदनर ठेकेदार, गुरमुख फरल, कृष्ण मालखेड़ी, बहादुर गोरसी, सतबीर मुदडी, ओमप्रकाश बरसाना, सुरेंद्र पयौदा निर्मल फरल,आशू कौल,बलिंद्र हजवाना, बग्गा साघन,साहब सिंह बडैच, सुनील गोल मौजूद रहे।



जींद। मांगों को लेकर वीसी के ओएसडी को ज्ञापन सौंपते छात्र। फोटो : हरिभूमि

## सीआरएसयू में भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करें

# इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट ने कुलपति ओएसडीस को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शहीद ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर छात्र संगठन इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट द्वारा कुलपति कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन छात्र नेता अमित आदिवाल के नेतृत्व में कुलपति के ओएसडी विजय सैनी को दिया गया।

ज्ञापन में विश्वविद्यालय की दोनों मुख्य इमारतों के बीच स्थित केंद्रीय पार्क में शहीद भगत सिंह की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग रखी गई ताकि यह स्थान छात्रों के लिए प्रेरणा और जागरूकता का प्रमुख केंद्र बन सके। छात्रों का कहना है कि यह स्थान विश्वविद्यालय का मुख्य आकर्षण है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं आते-जाते हैं। इसलिए यहां प्रतिमा स्थापित होने से युवाओं में देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना और अधिक सशक्त होगी। अमित आदिवाल ने कहा कि शहीद भगत सिंह युवाओं के लिए एक महान प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनकी प्रतिमा विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित होने से छात्रों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जागृत होगा और वे समाज एवं देश के निर्माण में अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

इकाई के उपाध्यक्ष मुकुल टंडन ने बताया कि यह मांग लंबे समय से छात्रों की भावनाओं से जुड़ी हुई है और अब प्रशासन द्वारा सकारात्मक संकेत मिलने से छात्रों में उत्साह का माहौल है।

### नई पीढ़ी को देशभक्ति की प्रेरणा मिलेगी

धर्मवीर लाड़िया ने कहा कि शिक्षा के केंद्र में ऐसे महान क्रांतिकारी की प्रतिमा स्थापित होना समय की आवश्यकता है, जिससे नई पीढ़ी को देशभक्ति और इतिहास से जुडने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर हिमेश, जतिन, गौरव, आकाशदीप, अमन, आर्यन सहित अन्य कई छात्र व छात्राएं शामिल रहे। संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि छात्रों की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए ताकि यह स्थान आने वाले समय में युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन सके।

# तबादले रद्द नहीं हुए तो कर्मचारी आज शहर में करेंगे धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। बिजली निगम कार्यालय में धरना देते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

बिजली निगम के एसडीओ समेत तीन तबादले रद्द किए जाने की मांग को लेकर बिजली निगम कार्यालय प्रांगण में लगातार 24वें दिन कर्मचारियों का धरना जारी रहा। अध्यक्षता जसबीर चहल ने की तो मंच संचालन कृष्ण श्योकंद ने किया। वक्ताओं ने कहा कि धरने पर फैसला हो चुका है कि जब तक जो तबादले किए गए है वो रद्द नहीं किए जाते धरना जारी रहेगा। 1 मई को शासन, प्रशासन के अडियल रवैये को लेकर उचाना शहर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 28 अप्रैल से बिजली निगम कार्यालय में जो कैश काउंटर है उसको बंद किया गया है। जो तबादले किए गए है वो राजनीति से प्रेरित है। जो तबादले हुए है वो अधिकारी, कर्मचारी निष्ठा से उचाना में कार्य कर रहे है। तबादलों को रद्द किए जाने की मांग को लेकर धरना चल रहा है। कई बार मीटिंग भी अधिकारियों से हो चुकी है। मांगें पूरी नहीं हुईं तो धरना समाप्त नहीं होगा। अपने हकों की लड़ाई के लिए कर्मचारी पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर समुंद्र जेई, मनोज जेई, कृष्ण जेई, विपिन जेई, दीपक जेई, सुनील बधाना, अनिल छात्तर, सुरेंद्र बड़सीकरी, जयबीर पूनिया, राजेश पूनिया, वीरेंद्र नैन, जसबीर श्योकंद, कमलदीप मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर से बैटरी चोरी मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** तितरम क्षेत्र में एक बाडा का ताला तोड़कर ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने के मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एचसी पवन कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव सौंगल निवासी सुरेंद्र सिंह को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव सिसला निवासी बृजमोहन की शिकायत अनुसार 25 अप्रैल को उसके बाडा का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना तितरम में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी ने व्यापक पूछताछ दौरान राजोंद क्षेत्र में चोरी करने की 2 अन्य वारदातें कबूल की हैं।

# समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत। अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम अजय हुड्डा।

कलायत उप मंडल मुख्यालय पर ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एसडीएम अजय हुड्डा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देश पर आयोजित बैठक में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस दौरान तहसीलदार अजय वर्मा, बीडीपीओ रीतू शर्मा, बीईओ सुरेश नैन, नगरपालिका सचिव पवन कुमार व अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस अभियान को गंभीरता से लेते हुए अपने-अपने विभागों में प्रभावी कार्य योजना तैयार करें। निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। साथ ही पांडुलिपियों के संरक्षण को सांस्कृतिक धरोहर की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए इसमें अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस अभियान का लक्ष्य भारतीय संस्कृति का संरक्षण करते हुए धरोहरों को सहेज कर रखना है। ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अतीत के इस झरोखे से लगातार रूबरू रह सकें।

# विरासत व आधुनिकता का संगम है कला प्रदर्शनी : प्रो. रामपाल



जींद। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए वीसी। फोटो : हरिभूमि

- कला भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सहज माध्यम

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में ललित कला विभाग द्वारा आयोजित प्रथम वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी पांच दिन तक आयोजित की जाएगी।

इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पेंटिंग, स्केचिंग, मूर्तिकला, इंस्टॉलेशन आर्ट तथा मिश्रित माध्यम (मिक्स्ड मीडिया) जैसी विभिन्न विधाओं के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय एवं समकालीन विषयों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, उनकी टीम भावना और आयोजन में उनकी जिम्मेदारियों का निर्वहन विशेष रूप से सराहनीय रहा। प्रदर्शनी की सजावट, प्रस्तुति और समन्वय में उनकी भूमिका ने कार्यक्रम को एक पेशेवर और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डा. राम पाल सैनी ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नही बल्कि समाज का सजीव दर्पण है, जो हमारे समय की भावनाओं, संघर्षों और संभावनाओं को प्रतिबिंबित करता है। इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता को निखारने, नवाचार को अपनाने तथा समाज के प्रति अपनी संवेदनाओं को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है। सीआरएसयू भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक और प्रेरणादायक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

### पुलिस पर फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस टीम पर फायरिंग करने के मामले की जांच थाना गुहला प्रभारी पीएसआई शनेष की अगुवाई में चौकी महमुदपुर प्रभारी एएसआई संजय कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी करनाल के गांव रम्भा निवासी रवि उर्फ निंजा को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम को 26 अप्रैल की दोपहर सूचना मिली थी कि रवि उर्फ नींजा किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में गुहला में मौजूद है। करीब शाम 4 बजे खुशहाल माजरा से दाबा चाबा मार्ग पर बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी भाग निकला। कुछ दूरी पर बाइक फिसलने के बाद आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली एएसआई तरसेम की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस की एक गोली आरोपी के घुटने में लगी।

# विधायक ने डूमरखा खुर्द में लाइब्रेरी का किया उद्घाटन, एक साथ बैठ सकेंगे 65 विद्यार्थी

- गांव में लाइब्रेरी बनने से युवा गांव में ही कर सकेंगे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। डूमरखा खुर्द में लाइब्रेरी के उद्घाटन पर पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

डूमरखा खुर्द गांव में चौपाल में बनी लाइब्रेरी का उद्घाटन विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा किया गया। यहां पर एक साथ 65 युवा लाइब्रेरी में बैठ कर तैयारी कर सकेंगे। विधायक ने कहा कि हर गांव में आधुनिक लाइब्रेरी बने इसको लेकर जब सीएम नायब सिंह सैनी उचाना विकास रैली में आए थे तो ये प्रमुख मांगों में शामिल मांग थी। सीएम नायब सिंह सैनी ने इस मांग को मंजूर किया था। हर गांव में लाइब्रेरी बनने का उद्देश्य ये है कि गांव के युवा गांव में ही अपनी प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। सबसे अधिक फायदा बेटियां को होगा वो गांव की गांव में जो सपने जीवन में आगे बढने के लिए देखे है वो पढ़ाई के माध्यम से पूर कर सकेंगी। भाजपा सरकार मेरिट के आधार पर नौकरी दे रही है। आज नौकरी लगने के लिए किसी तरह की सिफारिश की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बिना पर्ची बिना खर्ची आज गरीब परिवार के बेटे-बेटी भी बड़े पदों पर नौकरी लग रहे है। ये इसलिए संभव हुआ क्योंकि प्रदेश में भाजपा सरकार है। जब प्रदेश में 2014 में भाजपा सरकार बनी तो सीएम मनोहर लाल ने बिना पर्ची बिना खर्ची रोजगार युवाओं को देने शुरू किया था जिसे अब सीएम नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे है। आज पढ़ाई से अपने सपनों को युवा पूरा कर रहा है। हर किसी को पता है कि पहले की सरकारों के कैसे नौकरी लगती थी। भाजपा ने जो बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी दी है उसकी की नतीजा है कि लगातार तीसरी बार प्रदेश में भाजपा सत्तासीन हुई है।

# शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु के स्मारक का अनावरण आज



- सुबह 9 बजे माता-पिता के हाथों होगा अनावरण

शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा के शूरवीर योद्धा अमर शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु के स्मारक का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। 1 मई को प्रातः 9 बजे शहीद स्मारक का भव्य अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरदार किरणजीत सिंह संधू शहीद-ए-आजम भगत सिंह के भतीजे उपस्थित रहेंगे। अनावरण शहीद के माता-पिता के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर गांव के गणमान्य व्यक्ति, प्रशासनिक अधिकारी, रेजीमेंट के सैनिक,पूर्व सैनिक,सैनिक परिवार,एनसीसी कैडेट्स व हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहेंगे। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जिला प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7 बजे हवन-यज्ञ से होगा। इसके बाद दीप प्रज्वलित, मुख्य अतिथि एवं शहीद के माता-पिता द्वारा प्रतिमा का अनावरण, श्रद्धांजलि समारोह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राएं,सूबेदार मोतीलाल जांगड़ा तथा अंतरराष्ट्रीय लोक गायक फौजी कर्मवीर देशभक्ति गीतों के माध्यम से शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न गणमान्य व्यक्ति शहीदों के सम्मान में अपने विचार भी व्यक्त करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**सुविधा** आधुनिक उपकरण, दवाइयों और स्टाफ की नहीं होने दी जाएगी कमी

रजना कलां पीएचसी के लिए भी साढ़े चार करोड़ से अधिक का बजट हुआ स्वीकृत

# ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और मजबूत पीएचसी ढाठरथ में बनेगी नई बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले की ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार पीएचसी ढाठरथ में पुरानी जर्जर बिल्डिंग की जगह नई आधुनिक इमारत का निर्माण करवाया जाएगा। पंचायती राज विभाग इस नई बिल्डिंग को बनाने का जिम्मा संभालेगा। साथ ही रजना कलां पीएचसी के लिए भी सीएम अनाउंसमेंट के तहत बजट साढ़े चार करोड़ से अधिक का बजट स्वीकृत हो गया है। इन दोनों परियोजनाओं से आसपास के गांवों के हजारों निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। **रजना कलां पीएचसी के लिए बजट मिलने से स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार:** गांव रजना कलां पीएचसी के लिए बजट मिलने से वहां मौजूदा सुविधाओं का विस्तार संभव हो सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि दोनों पीएचसी में आधुनिक उपकरण, दवाइयों की उपलब्धता और स्टाफ की पूर्ति पर ध्यान दिया जाएगा। ढाठरथ और रजना कलां जैसी परियोजनाएं लोगों के लिए राहत का सबब बनेंगी।

### ढाठरथ पीएचसी की बिल्डिंग थी जर्जर

ढाठरथ पीएचसी की बिल्डिंग काफी पुरानी और जर्जर हालत में थी। वहां ड्यूटी करने वाले डॉक्टरों और स्टाफ को हमेशा खतरे का अहसास रहता था। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की इस मांग को स्वीकार करते हुए नई बिल्डिंग बनाने की घोषणा की थी। जिसे पूरा किया गया है। अब पंचायती राज विभाग जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करेगा। नई बिल्डिंग बनने के बाद यहां 24 घंटे इमरजेंसी उपचार, डिलीवरी सेवाएं, लेबर रूम और पर्याप्त स्टाफ क्वार्टर की सुविधाएं शुरू हो जाएंगी। वहीं पुरानी कंडम बिल्डिंग की वजह से कई सुविधाएं प्रभावित हो रही थी। नई इमारत में स्टाफ को बैठने और काम करने के लिए उचित जगह मिलेगी। डिलीवरी केस यहां सुविधाजनक तरीके से हो सकेंगे। इससे महिलाओं और बच्चों को खास तौर पर फायदा पहुंचेगा।

### लोगों को 24 घंटे उपचार की सुविधा मिलेगी



नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने कहा कि पीएचसी ढाठरथ की नई बिल्डिंग बनेगी और पंचायती राज विभाग इसे बनाएगा। इसी तरह सीएम अनाउंसमेट रजना कलां पीएचसी का बजट मिल गया है। ढाठरथ की पीएचसी की काफी पुरानी बिल्डिंग थी और यह मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल था। अब जल्द ही यह नई बिल्डिंग बनेगी और लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। नई बिल्डिंग बनने के बाद यहां 24 घंटे उपचार की सुविधाएं मिलेंगी और डिलीवरी शुरू हो जाएगी। रजाना कलां पीएचसी पर चार से पांच करोड़ खर्च किए जाएंगे।